भोले भोले दानी तू दयालु तू कृपालु

भोले भोले दानी,
तू दयालु तू कृपालु,
तेरा नाम लेके सोऊँ,
तेरा नाम लेके जागूँ,
भोलें भोले दानी।।

मेरी दुनिया बस तू है,
अब दूसरा ना कोई,
मेरे बाबा बिन तेरे,
मुझे आसरा ना कोई,
नैया की पतवार तू ही है,
मेरा खेवनहार तू ही है,
बात ये मैंने जानी,
तेरा नाम लेके सोऊँ,
तेरा नाम लेके जागूँ,
भोलें भोले दानी।।

तेरे होते मेरे बाबा,
चिंता करूँ मैं कैसी,
है भरोसा तू हरेगा,
विपदा हो चाहे जैसी,
चिंता फिकर मिटाए तू ही,
विपदा दूर भगाए तू ही,
कौन है तेरा सानी,
तेरा नाम लेके सोऊँ,
तेरा नाम लेके जागूँ,
भोलें भोले दानी।।

जग छुटे चाहे बाबा,
तेरा साथ ना ये छुटे,
मेरा भोला वरदानी,
मुझसे कभी ना रूठे,
'हर्ष' तेरे चरणों का चेरा,
तू मालिक मैं सेवक तेरा,
मैं मुर्ख तू ज्ञानी,
तेरा नाम लेके सोऊँ,
तेरा नाम लेके जागूँ,
भोलें भोले दानी।।

भोले भोले दानी,

तू दयालु तू कृपालु,
तेरा नाम लेके सोऊँ,
तेरा नाम लेके जागूँ,
भोलें भोले दानी।।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23026/title/bhole-bhole-daani-tu-dyalu-tu-kripalu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |